कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा/माध्य/शाला दर्पण/60301/2020/२५। दिनांक :– 22/09/2020

1. समस्त पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी।
2. समस्त संस्था प्रधान, राजकीय विद्यालय।

विषयः– शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाईन कार्यग्रहण सुनिश्चित करने तथा स्टाफ कॉर्नर लॉगिन में व्यक्तिगत सूचनाएं अद्यतन करने बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रस्तावित स्थानान्तरण प्रक्रिया के क्रम में शाला दर्पण पोर्टल पर स्टाफ कॉर्नर लॉगिन के माध्यम से स्थानान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। इस क्रम में निर्देशित किया जाता है कि शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त कार्मिकों (नवनियुक्त/स्थानान्तरित सहित) का शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाईन कार्यग्रहण अविलम्ब सुनिश्चित करें। **ऑनलाईन कार्यग्रहण के अभाव में शाला दर्पण पोर्टल पर रिक्त प्रदर्शित हो रहे पदों के कारण होने वाले दोहरे पदस्थापन की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था प्रधान का होगा।**

शाला दर्पण पोर्टल पर स्टाफ कॉर्नर के माध्यम से स्थानान्तरण आवेदन टैब के अन्तर्गत शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त कार्मिकों से स्वयं तथा पारिवारिक सदस्यों की व्यक्तिगत सूचनाएं अपडेट करवाई जा रही हैं। अतः स्थानान्तरण नहीं चाहने वाले कार्मिक भी उक्त व्यक्तिगत सूचनाएं अपडेट किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे विशेष छूट प्राप्त कार्मिकों (विधवा/परित्यक्ता/दिव्यांग/असाध्य रोगी आदि) के स्थान पर स्थानान्तरण संबंधी प्रकरणों की स्थिति से बचा जा सके।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान–जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा एवं अतिरिक्त आयुक्त, राज. स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा), राजस्थान, बीकानेर।
5. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
6. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
7. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक।
8. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
9. उपनिदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर।
10. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
11. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
12. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर